अमर उजाला

शारदीय नवरात्र...मां कात्यायनी

बरेली | बुधवार, 9 अक्तूबर 2024

PAGE NO, 06, MIDDLE LEFT

# सवाइकल कैंसर से बचाव के लिए लगाई वैक्सीन



**बरेली।** आकांक्षा समिति और एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के सहयोग से मंगलवार को सर्वाइकल कैंसर के टीकाकरण अभियान आयुषी की शुरुआत हुई। ग्राम भेदपुरा खजुरिया में शिविर लगाया गया। कंपोजिट विद्यालय भैरपुरा में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव की पहली डोज दी गई। आकांक्षा समिति बच्चों व महिलाओं के कल्याण के लिए कार्य करती है। इसकी अध्यक्ष मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल व उपाध्यक्ष डीएफओ दीक्षा भंडारी हैं। इसके जरिये ग्राम भेदपुरा खजुरिया, सेड़ा, दलपतपुर, सुरला, पुरनापुर में अभियान चलाकर किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव की वैक्सीन लगाई जाएगी। मेडिकल कॉलेज के निदेशक आदित्य मूर्ति ने व डॉ. मनोज कुमार तांगड़ी ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए नौ से 15 वर्ष तक की बालिकाओं के वैक्सीनेशन पर जोर दिया। इस दौरान डॉ. रजनी अग्रवाल, सदस्य राशिका जग प्रवेश, शालू गोयल मौजूद रहीं। संवाद